संख्या-04/2019/86/71-3-2019-जी-160/2017टीसी

प्रेषक,

डा0 रजनीश दुबे,
प्रमुख सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 **लखनऊ : दिनॉक 13 फरवरी, 2019**

विषयः- केन्द्र सहायतित योजना (फेज-1) के अंतर्गत स्वशासी स्टेट मेडिकल कालेज, शाहजहॉपुर में जूनियर रेजीडेण्ट (नॉन पी0जी0) के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एम0ई0-1/2018/3925, दिनांक 31-10-2018 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्र सहायतित योजना (फेज-1) के अंतर्गत स्वशासी स्टेट मेडिकल कालेज, शाहजहॉपुर में एम0सी0आई0 मानकानुसार प्रथम वर्ष एम0बी0बी0एस0 एल0ओ0पी0 हेतु विभिन्न विभागों (सूची संलग्न) में जूनियर रेजीडेण्ट (नॉन पी0जी0) के 47 पदों, को अस्थायी रूप से दिनांक 28-02-2019 तक के लिए, बशर्ते इन पदों को इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाए, को निम्नांकित शर्तों के अधीन सृजित किए जाने पर राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं-

1. **उक्त पदों पर भर्ती एम0सी0आई0 मानकों तथा कार्यात्मक/वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप की जाए।**
2. **जिस वर्ष से उक्त मेडिकल कालेज में पी0जी0 पाठ्यक्रम प्रारम्भ हो जाएंगे उस वर्ष से जूनियर रेजीडेण्ट (नॉन पी0जी0) के पदों को पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों से भरा जाएगा तथा इसके लिए अतिरिक्त पद सृजित नहीं किये जाएंगे।**
3. **जूनियर रेजीडेण्ट (नॉन पी0जी0) की अधिकतम आयु सीमा 40 वर्ष रखी जाए। इसका Tenure अधिकतम 03 वर्ष रखा जाए।**
4. **अन्य प्रदेशों में राजकीय मेडिकल कालेजों में दिये जा रहे मानदेय की भांति सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त कर जूनियर रेजीडेण्ट (नॉन पी0जी0) के मानदेय की धनराशि का निर्धारण किया जाए।**

2- उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा-प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-105-एलोपैथी-03-शिक्षा-0385-मेडिकल कालेज, शाहजहॉपुर-31 सहायता अनुदान-सामान्य (वेतन)" के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-209/दस-2019, दिनॉक 07 फरवरी, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(डा0 रजनीश दुबे)
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:-04/2019/86(1)/71-3-2019 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. **महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।**
2. **महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, इलाहाबाद।**
3. **प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।**
4. **प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश।**
5. **वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, महानिदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।**
6. **प्रभारी प्रधानाचार्य, स्वशासी स्टेट मेडिकल कालेज, शाहजहॉपुर।**
7. **वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।**
8. **नियोजन-अनुभाग-4**
9. **वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय- नियंत्रण) अनुभाग-3**
10. **गार्ड फाइल।**

आज्ञा से,

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http:/ shasanades .up.nic.in

1- **यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।**

2- **इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट** http://shasanadesh.up.nic.in **से सत्यापित की जा सकती है ।**

शासनादेश संख्या-04/2019/86 (1)/71-3-2019-जी-160/2017टीसी, दिनांक 13 फरवरी, 2019 का संलग्नक।

स्वशासी स्टेट मेडिकल कालेज, शाहजहॉपुर में प्रथम वर्ष एम0बी0बी0एस0 एल0ओ0पी0 हेतु जूनियर रेजीडेण्ट (नॉन पी0जी0) के पदों का विवरण।

क्र0सं0	विभाग का नाम	पदनाम	पदों की संख्या
1	एनाटमी	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	03
2	फिजियोलॉजी	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	03
3	बायोकेमेस्ट्री	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	03
4	फार्माकोलॉजी	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	01
5	पैथोलॉजी	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	01
6	माइक्रोबायोलॉजी	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	01
7	फोरेन्सिक मेडिसिन	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	01
8	कम्युनिटी मेडिसिन	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	01
9	जनरल मेडिसिन	जूनियर रेजीडेण्ट	06
10	पीडियाट्रिक्स	जूनियर रेजीडेण्ट	02
11	टी0बी0 एण्ड चेस्ट	जूनियर रेजीडेण्ट	01
12	स्किन एण्ड वी0डी0	जूनियर रेजीडेण्ट	01
13	मानसिक रोग विभाग	जूनियर रेजीडेण्ट	01
14	जनरल सर्जरी	जूनियर रेजीडेण्ट	06
15	आर्थोपेडिक्स	जूनियर रेजीडेण्ट	02
16	आप्थलमोलॉजी	जूनियर रेजीडेण्ट	01
17	ई0एन0टी0	जूनियर रेजीडेण्ट	01
18	ऑब्स एण्ड गायनोकोलॉजी	जूनियर रेजीडेण्ट	04
19	एनेस्थीसिया	जूनियर रेजीडेण्ट	03
20	डेन्टेस्ट्री	जूनियर रेजीडेण्ट	01
21	ब्लड बैंक	ट्यूटर/जूनियर रेजीडेण्ट	04
		कुल पद	47

(अनिल कुमार)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।